संख्या-40 /2015/625/एक-4-15-243बी-4/15

प्रेषक,

शम्भू दयाल त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-4 **लखनऊ दिनांक 02 नवम्बर, 2015**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2015-16 में लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय एवं छात्रावास मऊ के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-जी0-38/12-भवन-15/2006 (मऊ), दिनांक 31-07-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2015-16 में लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय एवं छात्रावास मऊ के निर्माण कार्य हेतु अनुदान संख्या-50 के पूँजीगत पक्ष के अन्तर्गत अनुपूरक मांग के माध्यम से पुनरीक्षित लागत रू0-585.36 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0-115.14 लाख (एक करोड पन्द्रह लाख चौदह हजार मात्र) की धनराशि व्यय करने हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-:

(1) व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल/फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत प्रशासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की सहमति की आवश्यकता हो, उसमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जायें।

(2) व्यय करते समय मित्व्ययिता के संबंध् में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का भी विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि उसी कार्य हेतु व्यय किया जाय।

2- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-50-लेखाशीर्षक-4059-लोकनिर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय-01-कार्यालय भवन-051 निर्माण-54-लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना-24 वृहत निर्माण कार्य के मद के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(शम्भू दयाल त्रिपाठी)
विशेष सचिव ।

संख्या-40/2015/625(1)/एक-4-15-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 व 2
3- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
4- कोषाधिकारी लखनऊ । आज्ञा से
5- राजस्व अनुभाग-6
6- गार्ड फाईल । (शम्भू दयाल त्रिपाठी)
विशेष सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in